(घ) गेहूं की किन-किन किस्मों का निर्यात किया जाएगा ;

(ङ) गेहूं के निर्यात का देश में खाद्यान्नों की आपूर्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा और इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है और

(च) गेहूं के निर्यात से गेहूं की फसल उगाने वाले किसानों को क्या लाभ मिलेगा और इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या व्यवस्था कर रही है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) से (ङ) भारतीय खाद्य निगम से सुखम स्टाक स्थिति की दृष्टि में केन्द्रीय पूल से गेहूं और चावल का निर्यात करने की संभावनाओं के सम्बन्ध में एक नोट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है । तदनुसार, भारतीय खाद्य निगम ने गेहूं और चावल का निर्यात करने की संभावनाओं के संबंध में अपना जायजा लगाते हुए एक नोट प्रस्तुत किया है । सरकार ने केन्द्रीय पूल से गेहूं और चावल का निर्यात करने के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया है ।

Import/Export of sugar

7163. SHRI J. S. RAJU: Will the Minister of FOOD be pleased to state:

(a) what is the quantity of sugar exported every year, particularly in the year 1990, 1991, 1992 and 1993;

(b) what is the- total amount of sugar imported from other countries to meet the growing demand of the public; and

(c) if the production is self-sufficient b,y when Government propose to stop export of sugar to other countries taking into consideration the piquant situation India faces?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI KALP NATH RAi): (a) As per in. formation received 'from the Indian Sugar & General Industry Export Import Corporation Ltd., a designated Export Agency, the quantity of sugar exported during the financial years 1990-91, 1991-92, 1992-93 and 1993-94 was as under: —

Year	Quantity (in Metric Tonne)
1990-91 . . .	22176
1991-92 . . .	483137
1992-93 . . ,	362662
1993-94 . . .	285192

(b) With a view to augment supply of sugar in the domestic market and to keep prices under check, Govern ment has allowed import of sugar under Open General Licence. The total quantity of sugar imported/ to be imported would depend upon the contracts made by the individual firms/parties. Government has no role to play in these imports.

(c) Keeping in view the decline in production and limited availabi lity of sugar for domestic. consump tion. Government has decided not t° undertake any further export of sugar, excepting preferential quota to USA and EEC and a small quan tity of sugar to Nepal under the la-do-Nepal Treaty a Trade.

चीनी का आयात

7164. प्रो0 विजय कुमार मल्होत्रा : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश में चीनी की बढ़ती हुई कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चीनी का आयात करने की घोषणा की है ;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा चीनी के आयात की सुविधा की घोषणा करने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी के मूल्यों में वृद्धि हो गई है और